तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 कछुए की चाल से चल रहा कोदवा-सुरूंगदाहरा पुल निर्माण ...



8 बीएसपी में मैनपावर पर कसेगा शिकंजा..



## खबर संक्षेप

### थार हुई अनियंत्रित एक युवक की मौत, दो घायल

**भिलाई।** तेज रफ्तार एक थार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हैं। उनका उपचार अस्पताल में जारी है। घटना नेहरू नगर चौक सुपेला के पास की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात एक थार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। थार में सुपेला निवासी तीन दोस्त आकाश केशरवानी, ऋतिक साहू, करण सिंह सवार थे। वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे में आकाश केशरवानी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऋतिक और करण घायल हैं। जिनका उपचार अस्पताल में जारी है। घटना की खबर लगते ही परिजनों मौके पर पहुंचे। सुपेला पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक युवक के शव को पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस हादसे का कारण जानने के लिए आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। वाहन से कई संदिग्ध सामान भी मिले है। वाहन के आगे पीछे के नंबर तक उखाड़ लिए गए हैं। इसके अलावा वाहन के भीतर रजिस्ट्रेशन पेपर तक नहीं मिला है। उसमें सिर्फ एक खाली लिफाफा मिला है।

### आरोपी को पकड़ने व पता बताने पर मिलेगा 30 हजार

**भिलाई।** जेल से पैरोल में घर आए आरोपी एच.आई.जी. 2862/3862 म.प्र. हाउसिंह बोर्ड जामुल भिलाई निवासी जसपाल सिंह का पता और गिरफ्तार कराने वालों को पुलिस अब 30 हजार रुपए ईनाम देगी। आरोपी के खिलाफ पद्मनाभपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 229 (बीएनएस) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि आरोपी जसपाल सिंह को जिला जांजगीर-चांपा को पूर्व में न्यायालय द्वारा रिहा किया था। लेकिन रिहाई के बाद आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। लगातार फरार चल रहा है। जिसके कारण पद्मनाभपूर खोजबीन कर रही है। आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी पर आईजी दुर्ग रेंज ने 30 हजार रुपए नगद इनाम की घोषणा किया है। आरोपी न्यायालय में पेशी से बचने के लिए फरार चल रहा है।

### बिना लाइसेंस व्यवसाय और अव्यवस्था फैलाने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** स्मृति नगर क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने सख्ती दिखाते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार जोन-1, वार्ड-2 में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी, सड़क बाधा उत्पन्न करने और लाइसेंस नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत तीन लोगों पर जुर्माना लगाया गया।

# नगर पालिका की बैठक में महिला सशक्तीकरण अभियान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद की आवश्यक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु अल्पकालिक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि महिला सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास का आधार है, इसलिए महिलाओं तक सही जानकारी और अवसर पहुंचाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा एक संगठित और प्रभावी जनजागरण अभियान की रूपरेखा तैयार की गई।

## नगर पालिका की हुई बैठक में महिला सशक्तीकरण अभियान पर जोर



**ऐसे होगा अभियान का संचालन:** अभियान के तहत ग्राम एवं वार्ड स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं परामर्श सत्र आयोजित होंगे, वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

### समन्वय पर विशेष फोकस

बैठक में यह भी तय किया गया कि महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पंचायत विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय प्रशासन एवं गैर-सरकारी संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। प्रत्येक गतिविधि के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर अभियान की नियमित समीक्षा एवं प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। अपेक्षित परिणाम इस अभियान से महिलाओं में जागरूकता एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा, जिससे वे शासकीय योजनाओं का बेहतर लाभ उठा सकेंगी। साथ ही सामाजिक कुरीतियों में कमी आएगी और महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक भागीदारी में वृद्धि होगी।

अभियान के तहत महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण संबंधी जानकारी का प्रसार करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा समाज में लैंगिक समानता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने पर भी विशेष ध्यान रहेगा। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति पंचू साहू, विकास तंबोली, नीतू कोठारी, गौरव साहू, राजकुमार खंडे, आकिब मलकानी, चांदनी, रोशन दत्ता, सिमरन ताम्रकर, टंडन, राजू साहू, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू, सजनी यादव, शिवा पाटिल सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**हादसा**

**50 मीटर तक घसीटा, चालक फरार**

# तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला, इलाज के दौरान मौत

हरिभूम न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थान खम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम टिपनी चौक में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 77 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक ने बुजुर्ग को अपनी चपेट में लेकर करीब 50 मीटर तक घसीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिपनी निवासी बिरझू राम सिन्हा (77 वर्ष) सुबह करीब 9 बजे अपने टीवीएस एक्सेल सीजी-07 एल क्यू 3380 से किराना सामान लेने थान खम्हरिया जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (सीजी-09 जे जी 4590) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन नहीं रोक पाया और बुजुर्ग को करीब 50 मीटर तक घसीटते ले गया। हादसे में बिरझू राम के सिर, पेट और पैर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां अत्यधिक रक्तस्राव के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र तिलक सिन्हा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके पिता घर से निकलते ही चौक के पास तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 282, 125 (A) तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 181, 112 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



### स्थानीय लोगों ने उठाई स्थायी नियुक्ति की मांग

क्षेत्र में लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वीपर की स्थायी नियुक्ति की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने शासन से मांग की है कि ऐसी घटनाओं को देखते हुए जल्द से जल्द अस्पताल में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जाए, ताकि भविष्य में लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पोस्टमार्टम में देरी से परिजन परेशान

घटना के बाद एक बार फिर थान खम्हरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल में स्थायी स्वीपर की नियुक्ति नहीं होने के कारण हर बार की तरह इस बार भी साजा से स्वीपर बुलाना पड़ा, जिससे पोस्टमार्टम प्रक्रिया दोपहर बाद ही शुरू हो सकी। करीब 18 किलोमीटर दूर से कर्मचारी के आने के बाद ही शव परीक्षण हो पाया, जिससे मृतक के परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ा और उन्हें अतिरिक्त मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### स्थायी वारंटी गिरफ्तार चंदनू पुलिस की कार्रवाई



बेमेतरा। थाना चंदनू पुलिस टीम ने फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत धारा 279, 337, 338 भादवि के प्रकरण में आरोपी बल्ला साहू (28 वर्ष), पिता घनश्याम साहू, निवासी ग्राम बुचीपुर, थाना चंदनू, जिला बेमेतरा को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। थाना चंदनू पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर स्थायी वारंट तामील कराया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चंदनू निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में आरक्षक गोविंद सिंह, भूषण राजपूत, निरंजन वैष्णव सहित थाना चंदनू के समस्त पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# पिकअप-कार की भीषण भिड़ंत में एक ही परिवार के 5 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां कंतेली टाउन हॉल के पास मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते हुई इस टक्कर में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार महिलाएं व बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक डिजायर कार में सवार परिवार बेमेतरा से साजा की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप वाहन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में घायल लोगों की पहचान योगेश कुमार सोनवानी, बिस्तर बाई, मेनका, इंदु और रितेश सोनवानी के रूप में हुई है। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

**तीन की हालत गंभीर, रेफर किया गया:** अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया है। विशेष रूप से इंदु सोनवानी को कान में गंभीर अंदरूनी चोट आने की जानकारी सामने आई है, जिससे उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाकारी पिकअप वाहन को जब्त कर सिटी कोतवाली थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखा गया। स्थानीय नागरिकों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# राजधानी में नारी शक्ति, जिले से महिलाओं ने आक्रोश रैली में दिखाई दमदार उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजधानी में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन, महिला सशक्तिकरण के पक्ष में बुलंद हुई आवाज : कल्पना तिवारी

निकाली गई महिला आक्रोश रैली में प्रदेशभर से हजारों महिलाओं ने एकजुट होकर नारी सम्मान, अधिकार और समान भागीदारी के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बेमेतरा से बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस रैली में भाग लिया। पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया। रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह सहित कई मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहे। उन्होंने बताया रैली के दौरान महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए महिलाओं ने नारी शक्ति जिंदाबाद और महिला सशक्तिकरण हमारा अधिकार जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि "नारी शक्ति ▶▶| शेष पेज 9 पर



## प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर, समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश


# नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज, विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सरोज नंद दास ने की, जबकि सचिव स्वर्णलता ओम यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में बैंकिंग, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग (बीएसएनएल) तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्री- लिटिगेशन प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर प्रस्तुतिकरण, पंजीयन एवं नोटिस की तामिली सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा संभव हो सके। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस पहुंचाया जाए तथा आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाए। इससे न केवल न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम होगा, बल्कि आम नागरिकों को भी त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सकेगा। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं भारतीय दूरसंचार विभाग (बीएसएनएल) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।





# जानलेवा साबित हो रहे हैं बीएसपी टाउनशिप के आधा दर्जन ब्लैकस्पॉट

## सालों से जर्जर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत नहीं होने से आए दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में व्यस्ततम सड़कों पर लोगों को वाहन चलाने का जोखिम बढ़ता जा रहा है। कई सेक्टरों में तिराहों और क्रास स्ट्रीट मोड़ पर ब्लैक स्पॉट बढ़ने से आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इस मामले में प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों के प्रमुख मार्गों का डामरीकरण और पेंचवर्क का कार्य किश्तों में चलता रहा है, लेकिन इससे कई क्षेत्रों में पिछले तीन से पांच साल से अंदर की जर्जर सड़कें और ब्लैक स्पॉट (गड्ठों वाले दुर्घटनाजन्य स्थल) उपेक्षित हैं। सेक्टर, 6, सेक्टर 7, रेलवे एवेन्यू, सेक्टर 3 तिराहा और सेक्टर 8 ओवरब्रिज आदि आधा दर्जन स्थानों पर सड़कें जर्जर हैं और खतरनाक लंबे चौड़े गड्ठों से युक्त हैं। इसके चलते यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोग हाथ पांव तोड़वा रहे हैं और हेड इंजुरी के शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मात्र कुछ घंटों और कुछ मजदूरों से स्वयं के कच्चे माल यानी एक दो ड्रम तारकोल से रिपेयर करवा सकने वाले यह गड्ठे यानी ब्लैक स्पॉट को लेकर प्रबंधन वर्षो से उदासीन बना हुआ है। इन दुर्घटनाजन्य स्पांट की मरम्मत को लेकर हमने नहीं देखा और हमने नहीं सुना की स्थिति है या फिर टेंडर की औपचारिकता के लिए इंतजार किया जाता है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन ड्यूटी व स्कूल कालेज जाते बीएसपी कर्मी, स्टूडेंट्स व कामकाजी महिलाएं गंभीर रुप से घायल होकर अस्पतालों में भर्ती हो रही हैं।



### से. 6 व 7 के जानलेवा ब्लैक स्पॉट

टाउनशिप के कई सेक्टरों में खतरनाक ब्लैक स्पॉट की वर्षो बाद भी मरम्मत नहीं की गई है। इनमें रेलवे एवेन्यू यानी 32 बंगला से सेक्टर 1 जाने वाले मार्ग पर महाराणा प्रताप चौक से चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज तक जगह जगह गड्ठे हैं। सेक्टर 5 चौक से ए मार्केट सेक्टर 6 रोड पर भी सड़क 42 के बास गड्ठे हैं जिनमें बारिश में भारी जलभराव हो जाता है। इसी तरह सेक्टर 6 सी मार्केट में सड़क नौ और दस के तिराहे पर लंबे चौड़ गहरे गड्ठे हैं। यहां हर एक दो दिन में दो चार लोग दोपहिया से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ई मार्केट के पास दोनों ब्लैक स्पॉट पिछले चार पांच साल से हैं और कई बार पार्षद से लेकर मुख्य महाप्रबंधक तक शिकायत के बाद भी ठीक नही किए गए हैं। बच्चे और महिलाएं रोज घायल हो रही हैं।

---

## खबर संक्षेप

### प्रमाणित बीजों का विक्रय मूल्य निर्धारित

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए विभिन्न फसलों के बीजों के विक्रय दरों का निर्धारण किया है। बीज प्रबंधक, रूआबांधा एसके बेहरा से प्राप्त जानकारी अनुसार किसानों को इस वर्ष धान, दलहन और तिलहन के बीज नई कीमतों पर उपलब्ध होंगे। जिसमें धान मोटा की दर 3478, पतला धान 3919 से 3949 और सुगंधित धान की दर 4803 प्रति क्विंटल तय की गई है। इसी प्रकार कोदो-कुटकी 7245, रागी 7229, उड़द 14007 से 14351, मूंग 13390 से 14006, कुलथी 3893, सोयाबीन 9573 से 9805, मूंगफली 11816, तिल 20539 से 20557, रामतिल 12846, ढेंचा 22057 और अरहर 11369 से 13220 प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है। आधार बीजों का विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से 100 रूपए प्रति क्विंटल अधिक होंगी। गत वर्ष धान की मोटा दर 3550, पतला 4030 एवं सुगंधित धान 4650 प्रति क्विंटल थी। इसी प्रकार सोयाबीन 7400, अरहर 11800 से 12500 थी। उड़द और मूंग की दर क्रमशः 11300 से 11400 प्रति क्विंटल थी।

### भेलवा तालाब व उद्यान का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब और उद्यान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल और अधिकारियों ने साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक संधारण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान तालाब और उद्यान की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए स्वच्छता, हरियाली व सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। तालाब में बेतरतीब फैल रहे कमल, जलकुंभी और अवांछित घास हटाने कहा गया है। गिरे हुए सूखे पेड़ हटाने जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना को निर्देशित किया गया है।

---

### सीटू ने पीएम व उच्च प्रबंधन को लिखा पत्र, आदेश वापस नहीं लेने पर कड़े विरोध की चेतावनी

# बीएसपी में मैनपावर पर कसेगा शिकंजा, 20 नहीं, 35 प्रतिशत होगी श्रमिकों की छंटनी

## मैन पावर कम होने से बेकारी व बढ़ेगी दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी सार्वजनिक उपक्रमों में मैनपावर कम करने कर्मचारियों पर शिकंजा कसना शुरु हो गया है। श्रमिकों की प्रतिशत कटौती की घोषणा के बाद अब 35 प्रतिशत कटौती किए जाने के खिलाफ यूनियनों मोर्चा खोल दिया है। इंटक के बाद अब सीटू यूनियन ने सरकार और प्रबंधन के इस कदम का मजदूर विरोध बताते हुए कड़े विरोध की चेतावनी दी है।

सीटू ने पीएम व सेल चेयरमेन के नाम ज्ञापन में कहा की 35 प्रतिशत छंटनी के आदेश से भारी बेकारी फैलेगी। केंद्र सरकार 2014 से अब तक रोजगार देना तो दूर, उल्टे सार्वजनिक उद्योगों में कार्य कर रहे स्थाई एवं ठेका श्रमिकों की छटनी करवा रही है। सार्वजनिक उद्योग हो या निजी उद्योग कहीं भी रोजगार तो पैदा नहीं करवा सके लेकिन अब रोजगार शुदा लोगों को छटनी करने के लिए तरह-तरह फरमान जार कर रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र की अधिकांश विभागों की कार्य प्रणाली मैन्युअल है अब यह विभाग भी पुराने होते जा रहे हैं ऐसे पुराने होते जा रहे विभागों में सभी कार्य मैन्युअल हैं। इसके ऑटोमेशन के लिए कोई विशेष कार्य नहीं किया गया है इसीलिए इन विभागों के मैन पावर में कटौती करना सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना है। मोडेक्स इकाइयों में पहले से ही कम मैन पावर दिया गया है। पहले 20 प्रतिशत छंटनी और अब 35 प्रतिशत छंटनी का आदेश श्रमिक विरोधी है। सीटू ने कहा कि पहले मैन पावर का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट देने वाली एक संस्था को बुलाकर सर्वेक्षण कराने के बाद कहा गया कि बीएसपी में मैन पावर बहुत ज्यादा है,जिसमें कटौती करना संभव है । बाद 20% मैनपावर में कटौती का फार्मूला तैयार किया गया और इसे लागू करने के लिए सभी विभागों पर दबाव बनाए जाने लगा। अब मैन पावर में कटौती 20% नहीं बल्कि 35% किये जाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। इसे वापस नहीं लिए जाने पर विरोध तेज किया जाएगा।



### आगे 12 घंटे कराया जाएगा काम

मैन पावर कम करने के लिए सरकार और प्रबंधन ने श्रमिकों के कार्य के घंटे को 8 से बड़ा कर 12 करना चाहती है। इसके लिए उन्होंने नए श्रम संहिताओं में गोलमोल प्रावधान किया है यदि मैन्युअल अथवा नए विभागों में मैन पावर घटा तो कर्मियों को 8 घंटे के बजाय 10 से 12 घंटा कार्य करना पड़ सकता है। यह अभी भी कई विभागों में ठेका श्रमिकों के लिए शुरू हो चुका है।

### सार्वजनिक उद्योग को खत्म करने की साजिश

सीटू ने कहा कि सेल बीएसपी सहित देश के सार्वजनिक उद्योगों को खत्म करने की की साजिश कर रही हहै। रोजगार व विकास में अहम योगदान देने वाले उद्योगों मेंतेजी से ठेकाकरण व निजीकरण किया जा रहा है। अब सार्वजनिक उद्योगों का मकसद लाभ कमाना रह गया है।

### बढ़ रहीं संयंत्र के अंदर दुर्घटनाएं

मैन पावर कटौती का असर दिखना शुरू हो गया है जिससे एक शिफ्ट में काम करने के बाद दूसरे शिफ्ट में ड्यूटी करने के कारण दुर्घटना हो रही है। ठेका श्रमिकों को 8 घंटे के बाद रुककर 12 से 16 घंटे तक काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लगातार ठेका करण के कारण अकुशल श्रमिकों की संख्या बढ़ रही है इसके साथ ही दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का प्रमुख कारण सेफ्टी में लापरवाही व मैन पावर कम होना है।

---

# खुर्सीपार कन्या विद्यालय बंद करने के फैसले का विरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

खुर्सीपार स्थित बीएसपी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बंद करने के प्रस्तावित निर्णय के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी भिलाई के नेता जसप्रीत सिंह ने इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर स्कूल को यथावत संचालित रखने की मांग की है।

■ बेटियों की शिक्षा पर संकट का आरोप, स्कूल बंद हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

जसप्रीत ने आरोप लगाया कि वर्ष 1976 से संचालित इस ऐतिहासिक स्कूल को बंद करना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की बेटियों के भविष्य के साथ अन्याय है। उनका कहना है कि यदि इस तरह सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों के स्कूल बंद किए जाते रहे, तो क्षेत्र में निजी स्कूलों का दबदबा बढ़ जाएगा, जहां की भारी फीस आम लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने यह भी कहा कि खुर्सीपार क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक विकल्पों का अभाव है। जो स्कूल उपलब्ध हैं, वे काफी दूरी पर स्थित हैं, जिससे छात्राओं की सुरक्षा और आवागमन को लेकर गंभीर चिंता बनी रहेगी। साथ ही शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश प्रक्रिया में भी लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जसप्रीत सिंह ने सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों का हवाला देते हुए कहा कि एक ओर बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर उनके लिए सुरक्षित और सुलभ विद्यालय को बंद करने की तैयारी की जा रही है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बीएसपी प्रबंधन और शासन द्वारा स्कूल को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए और नए प्रवेश फिर से शुरू नहीं किए गए, तो पार्टी जनहित में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

---

# सेक्टर 6 ए मार्केट में शराब दुकान खोलने के फैसले का विरोध, पुनर्विचार की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर निगम के एमआईसी सदस्य और सेक्टर-6 के पार्षद साकेत चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी विभाग द्वारा सेक्टर-6 ए मार्केट में शराब दुकान खोलने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस फैसले पर आश्चर्य जताते हुए इसे जनहित के खिलाफ बताया। चन्द्राकर ने कहा कि ए मार्केट भिलाई नगर टाउनशिप का प्रमुख और सबसे व्यस्त बाजार है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंचते हैं। ऐसे पारिवारिक माहौल वाले क्षेत्र के बीच शराब दुकान खोलना अनुचित और अव्यावहारिक कदम है। उन्होंने आशंका जताई कि इस फैसले से बाजार में अव्यवस्था बढ़ेगी और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। साथ ही, आसपास के व्यापारियों के कारोबार पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ने की बात कही।

■ पार्षद ने इलाके में सामाजिक माहौल बिगड़ने की जताई आशंका

पार्षद ने यह भी कहा कि क्षेत्र के खाली मैदानों और जर्जर भवनों में पहले से असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं। ऐसे में शराब दुकान खुलने से नशाखोरी और आपत्तिजनक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे पूरे इलाके का सामाजिक माहौल बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह निर्णय भविष्य में सेक्टर-6 की कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। चन्द्राकर ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि राज्य को शराब दुकानों की संख्या बढ़ाने के बजाय स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए।

---

# संस्कारों के शहर पर शराब का हमला, सरकार ने भिलाई की आत्मा बेच दी : महापौर नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



सेक्टर-6 में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर शराब दुकान खोलने का निर्णय न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह भिलाई की गौरवशाली पहचान पर सीधा हमला है। मिनी इंडिया के नाम से पहचान रखने वाला भिलाई, जो पूरे देश में शिक्षा और खेल के केंद्र के रूप में सम्मानित है, उसकी संस्कृति को इस तरह कुचलने का काम सरकार ने किया है। यह फैसला पूरी तरह से असंवेदनशील, जनविरोधी और समाज को गर्त में धकेलने वाला है।

जिस स्थान पर शराब दुकान खोली गई है, वहां आसपास स्कूल, चर्च, हनुमान मंदिर, मां बम्लेश्वरी मंदिर और गुरुद्वारा जैसे पवित्र स्थल हैं। बच्चों, युवाओं और धार्मिक आस्था के केंद्रों के बीच शराब बेचने का यह निर्णय सीधे-सीधे सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने की साजिश है। भिलाई की पहचान यहां की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और अनुशासन से है। लेकिन सरकार ने अपनी गलत नीतियों के जरिए इस पहचान को दागदार करने का काम किया है। यह केवल एक दुकान नहीं, बल्कि शहर के संस्कारों पर प्रहार है।बीएसपी प्रबंधन, जिसने वर्षों तक टाउनशिप की गरिमा और अनुशासन को बनाए रखा, इन सब कृतयो से एसा लगता है, कि बीएसपी प्रबंधन अपने द्वारा बनाएं गए आदर्शो क़ो कुचलने का काम किया है. उसने भी इस मामले में चुप्पी साधकर या दबाव में आकर एनओसी देकर अपने ही आदर्शों से समझौता किया है।

पहले केवल विशेष परिस्थितियों में एक दुकान की अनुमति दी गई थी, लेकिन अब जिस तरह से नियमों को ताक पर रखकर यह कदम उठाया गया है, वह कई सवाल खड़े करता है कि क्या बीएसपी ने अपनी आत्मा बेच दी है या फिर शासन के दबाव में झुक गया है? सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि भिलाई कोई प्रयोगशाला नहीं है, जहां मनमाने फैसले थोपे जाएं। जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह निर्णय तुरंत वापस लिया जाए, अन्यथा जनआंदोलन होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

---

# भिलाई-चरोदा निगम में हितग्राहियों को लॉटरी से मिला मकान, होगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में हुआ एएचपी आवासो का आबंटन महापौर निर्मल कोसरे के समक्ष लाटरी पद्धति से हितग्राहियों को मिला। किराये के मकान में निवासरत परिवारो के लिए भिलाई-3 चरोदा निगम ने सोमवार 20 अपैल को प्रधानमंत्री आवास मोर-मकान मोर-आस का आबंटन किया गया। वार्ड 6 उमदा में लक्ष्मी मैरिज पैलेस जाने वाली रोड पर तालाब के किनारे निर्मित उमदा 87 एएचपी में से 23 आवासो को आबंटन करने लॉटरी प से निकाला गया। इन हितग्राहियों द्वारा 3,24,600 रुपए में मिलने वाले आवासो के लिए 10 प्रतिशत की राशि पूर्व से निगम कोष में जमा करा दी गई थी। यहा निर्धारण होने के बाद 87 आवासो मे से कौन से मकान इन 23 लोगो को मिलेगा। एक माह के भीतर शेष 29,2140 रुपये प्रत्येक हितग्राही को निगम कोष में राशि जमा करना होगा। जिसके बाद उन्हे विधिवत आवासो का आधिपत्य प्राप्त होगा। निगम सभागार में लॉटरी प्रक्रिया से आवास आबंटन के दौरान महापौर, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, एमआईसी सदस्य ईश्वर साहू, पार्षद प्रेमलता चंद्राकर समेत निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

---

### उपभोक्ता, सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य

# बिजली के खतरों के प्रति रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल ने क्षेत्र में बढ़ती विद्युत दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उपभोक्ताओं से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में उद्योग, खेती और घरेलू कार्यों में बिजली का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ वितरण प्रणाली का भी विस्तार हुआ है। ऐसे में विद्युत उपकरणों और लाइनों के उपयोग में बरती गई जरा सी भी लापरवाही या अज्ञानता जानलेवा साबित हो सकती है।

कार्यपालक निदेशक ने हाल ही में हुई कई दुखद घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि नेवारीखुर्द, गुण्डरदेही, चरोदा, खुर्सीपार और साजा क्षेत्रों में हुई मौतों का मुख्य कारण सुरक्षा नियमों का उल्लंघन और लापरवाही रहा है। जांच में पाया गया कि घरों के पास से गुजरती 11 केवी लाइनों के संपर्क में आने, लोहे की सीढ़ी या एंगल के टकराने और दीवारों पर पानी की तराई करते समय या राजमिस्त्रियों द्वारा निर्माण कार्य करते समय, बिजली लाइनों के करीब जाने से, खेतों में अवैध तरीके से बिजली प्रवाहित करने और ढीले व कटे-फटे तारों के उपयोग और जीआई तारों में कपड़े सुखाने के कारण ये हादसे हुए। सोलर पैनल लगवाते समय लोहे की सीढ़ी या एंगल का विद्युत लाइनों के करीब आना एक बड़ा खतरा बनकर उभरा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि उपभोक्ता यथासंभव 33 केवी, 11 केवी की हाई-वोल्टेज या निम्नदाब लाइनों के नीचे किसी भी तरह का निर्माण कार्य न करें।

### हवा के माध्यम से भी करंट का खतरा

उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे आंधी-तूफान के कारण टूटे हुए तारों या गिरे हुए खंभों को छूने की गलती न करें, क्योंकि वे ऊर्जित हो सकते हैं। साथ ही, किसी भी प्रकार के खतरे जैसे ढीले तार या खुले ट्रांसफार्मर की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दें ताकि समय रहते दुर्घटना को टाला जा सके। उपभोक्ता हाई-वोल्टेज लाइनों के पास धातु की सीढ़ी, लंबे पाइप या गीले बांस का उपयोग न करें, क्योंकि उच्च वोल्टेज बिजली हवा के माध्यम से भी करंट मार सकती है। कार्यपालक निदेशक ने कहा कि जो भी व्यक्ति आपूर्ति लाईनो से अवैध कनेक्शन लेता है, कम खपत दर्ज करने के लिये मीटरों से छेड़छाड़ करता है या अनाधिकृत उद्देश्यों के लिये बिजली का उपयोग करता है, उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। जिसमें जुर्माने के अतिरिक्त तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। कार्यपालक निदेशक ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी सुरक्षित बिजली उपयोग के प्रति प्रेरित करें, ताकि विद्युत दुर्घटनाओं के खतरों से बचा जा सके।

---

# जयंती स्टेडियम के समीप खेल आधारित वाटिका का लोकार्पण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में जयंती स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप विभिन्न खेल कलाकृतियों से सुसज्जित वाटिका का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। नगर सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास विशिष्ट अतिथि थे। इस वाटिका में तीरंदाजी, हॉकी, क्रिकेट, तैराकी, मुक्केबाजी, जिम्नास्टिक, साइक्लिंग, बास्केटबॉल, कुश्ती, भाला फेंक, भारोत्तोलन एवं टेनिस सहित विभिन्न खेलों को कलात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया है।

वाटिका को विकसित करने में महाप्रबंधक विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक व खेल प्रमुख राजेंद्र प्रसाद, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, विवेक गुप्ता सहित वाई. उमाशंकर, वीवी श्रीधर की टीम का योगदान रहा। महाप्रबंधक सौमिक डे, ओए के सचिव अंकुर मिश्रा, सेफी नॉमिनी अखिलेश मिश्रा, डीजीएम राघवेंद्र गर्ग, एजीएम रेमी थॉमस और कमरुद्दीन आदि अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

---

# ट्रैफिक पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वाले 24 लोगों के खिलाफ की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, सड़क हादसों में कमी लाने अभियान चलाया गया। 19 अप्रैल की रात ट्रैफिक पुलिस शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग किया। इसमें प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्ग, ब्लैक, ग्रे स्पॉट, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग पॉइंट स्थापित कर संदिग्ध वाहन चालकों की जांच की गई।



ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से जांच कर 24 वाहन चालक जो नशे में चला रहे थे। उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। वाहन चालकों को न्यायालय प्रस्तुत किया गया। 14 दो पहिया, 7 चार पहिया, 3 भारी वाहन चालकों पर कार्रवाई किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरण की गंभीरता के आधार पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया। कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस दुर्ग के अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका अहम रही है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि नशे में वाहन न चलाएं। यह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि स्वयं अन्य नागरिकों के जीवन के लिए गंभीर खतरा भी है।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन टीम ने किया कृषि महाविद्यालय बेमेतरा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

## नर्सरी विकास, अनुसंधान कार्यों और आधुनिक तकनीकों की सराहना



रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा में राष्ट्रीय बागवानी मिशन की टीम ने विस्तृत निरीक्षण कर संस्थान में संचालित बागवानी गतिविधियों, नर्सरी विकास और अनुसंधान कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और कार्यप्रणाली की सराहना की। निरीक्षण दल में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े सहायक संचालक अनुसंधान डॉ. नरेंद्र लाकपाले, प्रमुख वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) डॉ. जी. एल. शर्मा, विभागाध्यक्ष (फल विज्ञान) डॉ. एल. एस. वर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में टीम ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। महाविद्यालय में बागवानी गतिविधियों का संचालन डॉ. कुंती बंजारे के नेतृत्व में किया जा रहा है। उनके निर्देशन में हाईटेक प्लग टाइप नर्सरी और मातृवाटिका का विकास किया गया है, जो आधुनिक तकनीकों पर आधारित है। निरीक्षण टीम ने इन व्यवस्थाओं की गुणवत्ता को सराहनीय बताया। वर्तमान में महाविद्यालय में फूलगोभी, बैंगन एवं मिर्च की विभिन्न किस्मों की नर्सरी तैयार की जा रही है। अब तक लगभग डेढ़ लाख पौध तैयार किए जा चुके हैं। सॉइल-लेस मीडिया (कोको पीट) में तैयार इन पौधों की गुणवत्ता बेहतर है और इनमें कीट व रोग लगने की संभावना कम रहती है। इन पौधों को किसानों को 1.25 से 1.50 रुपये प्रति पौधा की दर से उपलब्ध कराया जाएगा। वर्षभर में करीब 10 लाख सीडलिंग तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय परिसर में विकसित अमरूद, आम, ड्रैगन फ्रूट, नींबू, अनार एवं बेल की फल वाटिकाओं का भी अवलोकन किया। साथ ही 'वेस्ट टू वेल्थ' कार्यक्रम के अंतर्गत अलसी से कपड़ा निर्माण संबंधी प्रयोगशाला का निरीक्षण कर नवाचार की सराहना की। डॉ. नरेंद्र लाकपाले ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर कार्यों की प्रशंसा की तथा छात्र-छात्राओं के साथ परिचर्चा करते हुए फल एवं सब्जियों में लगने वाले रोगों और उनके प्रबंधन की जानकारी साझा की। इस दौरान डॉ. टी. डी. साहू, डॉ. यू. के. ध्रुव, डॉ. राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. महानंद साहू सहित महाविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 85 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

▪ कोटपा एक्ट के तहत जिलेभर में कार्रवाई तेज, स्कूलों के सामने तंबाकू बिक्री पर अब भी ढिलाई

जिले में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कोटपा एक्ट के तहत व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना एवं चौकी स्तर पर चलाए गए अभियान के दौरान कुल 85 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई, जिसमें थाना दाढ़ी में 30, थाना बेरला में 10, थाना चंदनू में 15 तथा चौकी खंडसरा में 30 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ आगे भी निरंतर अभियान जारी रहेगा। इधर, एक ओर जहां पुलिस सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करने वालों पर कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की खुलेआम बिक्री प्रशासनिक उदासीनता को उजागर कर रही है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूलों के सामने पान ठेलों के माध्यम से धड़ल्ले से तंबाकू युक्त पदार्थ बेचे जा रहे हैं। शासन द्वारा स्पष्ट दिशा- निर्देश जारी किए गए हैं कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाकू एवं नशे के उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है, ताकि स्कूली बच्चों पर इसका दुष्प्रभाव न पड़े। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी लगातार जारी है। स्थिति यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आसपास ही तंबाकू बिक्री और धूम्रपान के दृश्य आम हैं, जबकि पास में कन्या स्कूल एवं आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल संचालित हैं। इससे नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हालात देखने को मिल रहे हैं, जहां स्कूलों के ठीक सामने पान ठेले संचालित हो रहे हैं और छात्रों के बीच तंबाकू उत्पादों की पहुंच आसान बनी हुई है। हालांकि पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में तंबाकू बिक्री करने वालों पर पुलिस और शिक्षा विभाग कब ठोस कार्रवाई करते हैं। बहरहाल जिले में धूम्रपान के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन जब तक स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर सख्ती नहीं होगी, तब तक बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना चुनौती बना रहेगा।

## खबर संक्षेप



### पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया पर्व

**अंडा।** ग्राम अंडा में अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। सुबह से ही ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना कर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना करते हुए और सुख-समृद्धि की कामना की। अक्ती के दिन गांव में विशेष रूप से खेती-किसानी से जुड़े कार्यों की शुरुआत शुभ मानी जाती है। किसानों ने अपने कृषि उपकरणों की पूजा कर नए कार्यों का शुभारंभ किया। कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक खेलों का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने गीत-भजन गाकर त्योहार की खुशियां बांटी। कई घरों में विशेष व्यंजन बनाए गए और आपस में बांटे गए। ग्रामीणों का मानना है कि अक्ती का पर्व शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए सबसे उत्तम माना जाता है, इसलिए इस दिन बिना मुहूर्त के भी विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं।

### सचिवों और कोटवारों की बैठक 22 को

**पाटन।** स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम तहसील पाटन में 22 अप्रैल बुधवार को दोपहर 12 बजे तहसील पाटन अंतर्गत कार्यरत समस्त सचिवों और कोटवारों की बैठक आयोजित है। इसमें जनगणना-2027 संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। यह बैठक तहसीलदार और जनगणना चार्ज अधिकारी पाटन के निर्देश पर रखी गई है।

# मूलभूत सुविधाओं का आदर्श स्कूल में अभाव

# आत्मानंद स्कूल हुआ बदहाल न तो पर्याप्त कमरे हैं न शिक्षक

दिलीप साहू ▸▸ निकुम

*छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिला दुर्ग मुख्यालय से महज 25किमी दूर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहां मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते छात्र- छात्राओं के साथ शिक्षक- शिक्षिकाओं को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।*

ऐसे तो यह शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, लेकिन स्कूल में जो सुविधाएं बच्चों को मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही हैं। गौर हो स्कूल के प्राचार्य सहित शाला विकास समिति व पालक समिति निकुम ने क्षेत्रीय विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पत्र देकर कई बार अवगत करा पत्र लिखकर मूलभूत सुविधाओं की मांग की है। लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है।

गौरतलब है कि निकुम स्कूल की नींव सन 1902 प्राइमरी स्कूल के तौर पर पड़ी और 1962 से यह हाई स्कूल है। भूपेश बघेल सरकार में सन 2023 में तत्कालीन गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू हुई। जिसमें निकुम सहित अंचल के तकरीबन 20 गांव से कक्षा पहली से 12वीं इंग्लिश मीडियम में तकरीबन 423 व हिंदी उत्कृष्ट में 400 बच्चे पढ़ते है,लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण शिक्षकों की कमी सहित समस्याओं का अंबार है। स्कूल में धीरे-धीरे समस्याएं बढ़ती जा रही है। लेकिन बच्चों के अनुपात में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। यहां चौकीदार और चपरासी की समस्या, किचन शेड की समस्या, पानी की समस्या, प्रसाधन कक्ष की समस्या, बाउंड्री वॉल की समस्या, पार्किंग की समस्या समेत अन्य कई समस्याओं का अंबार है।




### प्राचार्य, शिक्षक- शिक्षिकाओं को करना पड़ रहा है चपरासी का काम

मिली जानकारी के अनुसार यहां हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारी चपरासी व चौकीदार पद हैं और खाली हैं। जिसकी वजह से साफ सफाई सहित कई समस्याओं से रोज दो चार होना पड़ता है।

### कई पाठशाला बंद कर भाजपा सरकार ने खोल दी मधुशाला



पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद आपा खोई गई है। शिक्षा व्यवस्था को प्रयोगशाला बना कर रख दिया है। पूर्व में युक्तिकरण के नाम प्रदेश तकरीबन चार हजार स्कूलों को बंद कर दिया गया। गौर हो कि मेरे विधान सभा में निकुम आत्मानंद स्कूल बिल्डिंग के लिए एक करोड़ पच्चीस लाख की राशि का भूमिपूजन किया, राशि निरस्त कर दिया लेकिन आज नए स्कूल बिल्डिंग नहीं बना है, शिक्षकों की कमी है, जबकि खुद शिक्षा मंत्री के जिले का स्कूल है। स्कूली बच्चों का परेशानी होती है। सिर्फ मातृशक्ति के नाम पर महतारी वंदना में वाहवाही बटोर रही है। वहीं गौठान में शराब भट्ठी खोल रही है। यही भाजपा सरकार का विकास जनता देख रही है।

### करेंगे समस्या का समाधान



समस्या का समाधान जरूर करेंगे, विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में लगातार विकास कार्य हो रहे है।

-ललित चंद्राकर
दुर्ग ग्रामीण विधायक

### जानकारी लेता हूं



इस मामले की जानकारी लेता हूं, बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, बहुत जल्द शिक्षक स्कूल को मिल जाएंगे।

-अरविंद मिश्रा
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

### कमरों की कमी, दो पाली में लगती है स्कूल

तकरीबन 8 बच्चे होने के कारण इंग्लिश और हिंदी मीडियम को दो पारियों में लगाना पड़ता है विद्यार्थियों के अनुसार कमरा नहीं है। अध्ययन कक्षा के साथ वाचनालय प्रयोगशाला संस्कृत सभागार क्रीडा आदि कक्ष भी नितांत आवश्यक है। बच्चो के अनुपात शौचालय सहित बाउंड्री वॉल नहीं होने से देर शाम होते ही शराबी स्कूल मैदान में रात के अंधेरे में शराब सेवन करने रोज बच्चे परेशान होते है। वही मिड डे मिल किचन जो तकरीबन तीन लाख रुपए से बना है, उसमें ताला लगा है। छोटे से कमरे में भोजन बनता है। वही स्कूल के अधूरे बाउंड्री वॉल के कारण आवारा पशु व कुत्ते भोजन के समय बच्चो के आसपास आ जाते है। जिसके कारण कभी भी अनहोनी का खतरा बना रहता है। 5 वर्ष से कला संकाय के राजनीति शास्त्र और भूगोल विषय का पद रिक्त है। हायर सेकेंडरी में कला संकाय के विद्यार्थियों के साथ हाई स्कूल के सामाजिक विज्ञान विषय की पढ़ाई हो रही है। भविष्य में कला संकाय का संचालन नहीं होते विद्यार्थियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, वही क्लर्क भी नहीं जिनके कारण शिक्षकों को ही कक्षा छोड़ कर कंप्यूटर में काम करना पड़ता है।

### जनप्रतिनिधयों को समस्या से कराया अवगत



स्कूल में समस्याओं का अंबार है वहीं क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर व सांसद विजय बघेल को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत करा चुका हूं। लेकिन अभी तक समस्या जैसे बनी है।

-भागवत पटेल, सरपंच

# सेलूद सेक्टर में बूथ व ग्राम इकाई के संगठन विस्तार संबंधित बैठक



**सेलूद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पाटन विधानसभा के प्रत्येक ग्रामों व बूथों में संगठन विस्तार संबंधित बैठकों का दौर जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ लेवल में बैठक कर कार्यकर्ताओं को विशेष जवाबदारी देकर संगठन सृजन का कार्य कर रहे है। इसी परिप्रेक्ष्य में सोमवार को सेलूद सेक्टर अंतर्गत ग्राम सेलूद, चुनकट्टा व मुड़पार में प्रत्येक ग्रामों में बैठक रखा गया जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संगठन सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दिए। साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष रूप रूबरू हुए। इस अवसर पर प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन साहू,मंडल अध्यक्ष खिलेश मारकंडे, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री जय वर्मा जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी संजय यादव राकेश साहू मन्नू यदु लोचन यादव महेश साहू सुरेंद्र बंछोर देवेश ख़ेवार दिलीप बंछोर राजेंद्र वर्मा करण धनकर किशन भारती अरुण कमल कोमल पटेल शत्रुघ्न यादव आदि उपस्थित थे।

## पुतरा-पुतरी विवाह में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि

# अक्ती तिहार में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पुतरा पुतरी विवाह कर निभाई पारंपरिक रस्में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन



छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत रखते हुए सोमवार को चांदनी चौक, भनसुली में 'अक्ती तिहार' के अवसर पर पारंपरिक 'पुतरा-पुतरी विवाह' का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गांव के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा पूरे रीति-रिवाज से पुतरा-पुतरी का विवाह संपन्न कराया गया।

इस लोक-पर्व के 'टिकावन' की रस्म के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वर्तमान विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने नव-दंपति स्वरूप पुतरा-पुतरी को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्रदान किया एवं बच्चों के साथ इस परंपरा का निर्वहन करने वाले परिजनों की सराहना की। साहू ने कहा कि अक्ती तिहार केवल एक त्यौहार नहीं, छत्तीसगढ़ की माटी की सुगंध और हमारी पहचान है। पुतरा-पुतरी विवाह जैसी परंपराएँ बच्चों में संस्कार, सामाजिकता और अपनी जड़ों से जुड़ाव पैदा करती हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दानी राम तारक,डॉ के.के.साहू,टुकेश निर्मलकर,किशोर साहू,वीणा तारक,कुमकुम तारक,प्रतिज्ञा सेन,भूमि सेन, जानू तारक, मोतिम तारक, सालू निर्मलकर दामिनी निर्मल, आरती, चिंकी साहू,पूजा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अक्षय तृतीया के दिन किसान अपने खेती-किसानी का काम करते हैं शुरू



**सेलूद।** अक्षय तृतीया की तिथि अबूझ मुहूर्त की तिथियों में से एक है। अक्षय तृतीया इस बार 20 अप्रैल सोमवार को मनाया गया । इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य जरूर सफल होता है। साथ ही इस दिन गांव क्षेत्रों के नन्हे बच्चों के द्वारा मिट्टी से बनी मनमोहक 'पुतरी-पुतरा'' (गुड्डा-गुड्डी) का विवाह रचाया गया है। बच्चों के साथ बड़े भी इस दिन अपनी पारंपरिक ढंगों से हिन्दू-रीतिरिवाज की तरह गाजे-बाजे के साथ गुड्डा का बारात निकालते है और एक प्यारी सी छोटी सी जिसमें आम के पत्तों और छोटी लकड़ियों से बना हुआ पंडाल के अंदर गुड्डा-गुड्डी को रखकर सामने कलश रखकर, दीप जलाकर अक्षत-हल्दी से गुड्डा-गुड्डी की टीका करते है। इस दिन बच्चें अपने पड़ोसी साथियों को अपने गुड्डा-गुड्डी की शादी करने का निमंत्रण भी देते है। आज उसी के तहत ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश बबालू मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, पंच धनंजय साहू ने बच्चों के अक्षय तृतीया के पुतरा पुतरी विवाह में शामिल होकर बच्चों को प्रोत्साहन स्वरुप उपहार प्रदान किया । इस शादी के कार्यक्रम में अमित कुमार साहू, राज वीर साहू, संदीप साहू खिलेंद्र साहू चेतन साहू भूमिका साहू योगिता साहू डोमेश साहू छोटी भूमि साहू बच्चों के शादी का आयोजन किया गया । गांव के किसान द्वारा गांव के ठाकुर देव भगवान में दोना से धान चढ़ाकर अपने खेत का भूमिपूजन कर नए खेती सीजन का शुभारम्भ का कार्य किया जाता हैं। इसी दिन किसान अपने खेत का भूमि पूजन कर नए खेती सीजन का शुभारंभ करते हैं। जिसमें किसान खरीफ फसल की बुआई करने को शुभ मानते हैं।

# सामूहिक बनाते हैं खिचड़ी, शीतला माता से मांगते है सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा



अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम डौकीडीह में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजन किया गया। गांव के शीतला मंदिर के सामने ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर प्रसाद ग्रहण किया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर पूजा-अर्चना की और शीतला माता से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी ने मिलजुलकर खिचड़ी तैयार की, जिसे प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। ग्रामीणों का मानना है कि अक्षय तृतीया के दिन इस प्रकार सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर खाने से गांव में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसे नई पीढ़ी भी पूरे उत्साह के साथ निभा रही है। इस आयोजन में गांव के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए, जिससे आपसी भाईचारा और एकता का संदेश भी देखने को मिला।

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने लिया संकल्प

**सेलूद।** नारी सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान को समर्पित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन अत्यंत गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में कलामंदिर भिलाई मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही, जिससे आयोजन ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य शिल्पी केश कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, नगर पालिका कुमारी अध्यक्ष मीना वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# सामुदायिक भवन, स्कूलों व मंदिरों को कुर्सी और कूलर-पंखा भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामुल



गर्मी के मौसम में लोगों की समस्याओं को देखते हुए जामुल पालिका की पार्षद व नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा ने पार्षद निधि से मंदिर भवन, स्कूलों, आंगनबाड़ी में कूलर पंखा, बैठने के लिए कुर्सी, गार्डन चेयर आदि भेंट किए, जिससे लोगों में काफ़ी उत्साह देखा गया।

वर्मा ने अपने निधि से शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला देवनगर जामुल में कूलर, भक्त माता कर्मा स्कूल वार्ड- 18 में कूलर, ओमकार मंदिर में कूलर एवं गार्डन चेयर, श्री शिवशंकर सेवा मंच शिवपुरी जामुल में कूलर, आंगनबाड़ी सुभाष नगर में कुर्सी एवं कूलर प्रदान किया गया। जामुल नगर के स्कूलों समुदायिक भवनों एवं आंगनबाड़ी की स्थितियों को देखते हुए एवं बच्चों, महिलाओं नगरवासियों एवं जनमानस की परेशनियों को भांपकर अपने निधि से एक सफल कोशिश की। जिससे गर्मी से लोगों को राहत देने, उठने बैठने की व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए, कूलर-पंखा, कुर्सी, गार्डन चेयर लगाने की घोषणा की थी, जिसे समय पर पूरा किया ।

पेज 7 का शेष

### राजधानी में नारी शक्ति...

वंदन अधिनियम" देश की आधी आबादी के लिए ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। इसके माध्यम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त भागीदारी का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने इसे महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के बाद अब यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। रैली में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, मधु राय, प्रेरणा शौर्य, शबीना खान, हेमा दीवाकर सहित जिले के कई जनप्रतिनिधि और महिलाएं शामिल हुईं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पावरहाउस में वाटर एटीएम कबड़ा में

**भिलाई।** भीषण गर्मी में पावरहाउस चौक पर नगर निगम का वाटर एटीएम कबाड़ में पड़ा हुआ है। यहां ओवरब्रिज के नीचे सायकल स्टैंड के पास दो साल पूर्व निगम कर्मियों ने मोटरपंप व फैन खराब होने के बाद इसे रिपेयेर कराने के बजाए एटीएम को ही अन्य हटाकर रख दिया। इसके चलते भारी गर्मी में राहगीरों, वाहनचालकों व फुटपाथ विक्रेताओं को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने यहां दो नए वाटरएटीम लगवाने की मांग की है। ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### ट्विनसिटी में सूरज का पारा 7वें आसमान पर

**भिलाई।** ट्विनसिटी में सूरज का पारा सातवें आसमान पर पहुंच रहा है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल है। आज पखवाड़े भर के दौरान सबसे गर्म दिन रहा। तापमान 42.6 सेल्सियस पहुंच जाने तक झुलसन की स्थिति रही। कई क्षेत्रों में सड़कों पर दोपहर को सन्नाटे का अलाम रहा और लंबी दूरी के भारी वाहन ही गुजरते रहे।

### लक्ष्मी बाजार में गंदगी से लोग परेशान

**भिलाई।** सुपेला चौक लक्ष्मीनगर कोहका मेन रोड पर मटन मार्केट के सामने से लोगों का गुजरना मुश्किल होजा जा रहा है। इस मार्केट के मटन, चिकन और मछली के अवशेष के बिखरे होने से फैली भारी गंदगी और बदबू के कारण परेशानी हो रही है। अत्यधिक दुर्गंध के चलते पैदल व वाहन चालक यहां से मुंह व नाक पर रुमाल रखकर आने जाना पड़ रहा है। सड़क किनारे फल ठेले वाले बदबू से परेशान है। व्यवसायियों ने बताया कि अपशिष्ट को लेकर नगर निगम के लोग अकर्मण्य बने हुए हैं।

### समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग शालीमार दुर्ग के मध्य 1-1 फेरे में चलेगी

**भिलाई।** समर स्पेशल ट्रेन की शुरुआत 29 अप्रैल से शुरू होगा। जिसमें ट्रेन 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन चलेगा। ट्रेन 08746 शालीमार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 30 अप्रैल वाणिज्य ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर चांपा, रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है।ट्रेन 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 29 अप्रैल बुधवार को 21.45 बजे रवाना होगी। रायपुर आगमन 22.25 बजे, प्रस्थान 22.30 बजे, भाटापारा आगमन 23.20 बजे, प्रस्थान 23.22 बजे दूसरे दिन बिलासपुर आगमन 00.35 बजे, प्रस्थान 00.45 बजे, चांपा आगमन 01.35 बजे, प्रस्थान 01.37 बजे, रायगढ़ आगमन 02.32 बजे, प्रस्थान 02.34 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 04.08 बजे, प्रस्थान 04.10 बजे, राउरकेला आगमन 05.40 बजे, प्रस्थान 05.50 बजे, चक्रधरपुर आगमन 07.38 बजे, प्रस्थान 07.40 बजे, टाटानगर आगमन 08.00 बजे, प्रस्थान 08.10 बजे, खड़गपुर आगमन 11.40 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, सांतरागाछी आगमन 13.13 बजे, प्रस्थान 13.15 बजे होते हुये 13.45 बजे शालीमार स्टेशन पहुंचेगी।

**विडंबना : निर्देशों की अनदेखी, जिम्मेदार बेखबर**

# कछुए की चाल से चल रहा कोदवा-सुरूंगदाहरा पुल निर्माण डेडलाइन पार फिर भी अधूरा-ग्रामीणों का बढ़ा इंतजार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

शासन के विकास कार्यों के दावों के बीच बेमेतरा जिले के दाढ़ी क्षेत्र में कोदवा–सुरूंगदाहरा मार्ग पर सकरी नदी में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली का उदाहरण बनता जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से स्वीकृत यह पुल अपनी निर्धारित समय-सीमा पार कर चुका है, लेकिन आज भी अधूरा खड़ा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इस पुल निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2022-23 में 333.33 लाख रुपए की लागत से दी गई थी। निर्माण कार्य को 14 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। वर्तमान स्थिति को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि परियोजना अपने लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है।

## करोड़ों की लागत वाला उच्च स्तरीय पुल बना परेशानी का कारण, सेतु विभाग और ठेकेदार की सुस्ती पर उठे सवाल

कोदवा पंचायत और उसके आश्रित ग्राम सुरूंगदाहरा के बीच आवागमन का यह मुख्य मार्ग है। पुल निर्माण अधूरा रहने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब नदी पार करना जोखिम भरा हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएं, स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित हो रही है। शासन द्वारा पुल निर्माण की घोषणा से जहां लोगों में उम्मीद जगी थी, वहीं अब लगातार हो रही देरी ने उन्हें निराश कर दिया है।

शासन-प्रशासन द्वारा निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद निराशाजनक है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारी इस परियोजना को लेकर गंभीर नहीं हैं। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि "सेतु विभाग की सुस्ती ने हमारी राह रोक दी है। पुल नहीं बनने से हमें आज भी जोखिम उठाकर नदी पार करनी पड़ती है।

### मॉनिटरिंग में ढील

यह निर्माण कार्य सेतु निर्माण संभाग दुर्ग के अंतर्गत कवर्धा सब डिवीजन द्वारा कराया जा रहा है।

लेकिन समय-समय पर निरीक्षण के अभाव और मॉनिटरिंग में ढिलाई के चलते कार्य प्रभावित हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर निगरानी और जवाबदेही तय की जाती, तो यह स्थिति नहीं बनती। अब इस महत्वपूर्ण परियोजना में हो रही देरी ने विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ग्रामीणों की मांग-जल्द पूरा हो निर्माण

क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जल्द से जल्द पुल बनकर तैयार हो सके और लोगों को राहत मिल सके। बता दे कि कोदवा– सुरूंगदाहरा पुल केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीणों की जीवनरेखा है। ऐसे में इसकी धीमी प्रगति न केवल विकास की गति पर सवाल उठाती है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही की भी परीक्षा ले रही है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग इस ओर कब तक गंभीरता दिखाता है।

**नगरवासियों को बैंकिंग कार्य के लिए धमधा या साजा नहीं जाना पड़ेगा : नपा अध्यक्ष सिहोरे**

# बैंक की नई शाखा से देवकर क्षेत्र में खुशी की लहर लोगों को मिली बड़ी राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

नगर पंचायत देवकर में लंबे समय से राष्ट्रीयकृत बैंक की मांग आखिरकार पूरी हो गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के प्रयासों से मंगलवार को दुर्ग मुख्य सड़क स्थित वार्ड क्रमांक 3 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया।



उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक दिवाकर प्रसाद सिंह उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने की। ज्ञात हो कि बीते वर्ष पास के नगर पंचायत धमधा (जिला दुर्ग) में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा खुलने के दौरान अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर देवकर में भी शाखा खोलने का आग्रह किया था। इस पर बैंक प्रबंधन ने रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के नियमों के तहत सर्वे प्रक्रिया पूरी कर शाखा खोलने की स्वीकृति दी। भवन चयन और आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद मंगलवार को शाखा का उद्घाटन संपन्न हुआ। अपने संबोधन में महाप्रबंधक दिवाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के लगातार प्रयास और जनहित को देखते हुए देवकर में यह शाखा खोली गई है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। वहीं अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने कहा कि अब नगरवासियों को बैंकिंग कार्य के लिए धमधा या साजा नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। नवीन शाखा प्रबंधक योगेश कुमार गौतम ने जानकारी दी कि शाखा में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग अनंत माधव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पन्नालाल जैन, अमृतलाल गुप्ता, रावल जैन ,अशरफीलाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, इंद्रेश द्विवेदी, विनोद कुंजाम, पार्षद मोहन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, युवा नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में धरना और प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

## 100 मीटर दायरे में जुलूस पर प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

जिले में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के आसपास प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। यह आदेश 17 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा। जारी आदेश के तहत स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना, आमसभा एवं प्रदर्शन पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है।

प्रशासन के अनुसार, उक्त परिसर में खाद्य, आदिवासी विकास, कृषि, आबकारी एवं खनिज सहित कई महत्वपूर्ण विभाग संचालित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन या भीड़-भाड़ से शासकीय कार्य प्रभावित होने के साथ आमजन को असुविधा होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की सभा, रैली या जुलूस आयोजित करने से पहले सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के लिए भी पूर्व अनुमति आवश्यक रहेगी। इसके अलावा प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बलों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति के अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक या धारदार हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हालांकि धार्मिक परंपराओं के तहत धारण किए जाने वाले कृपाण आदि को छूट दी गई है। आदेश के तहत 100 मीटर के दायरे में एक समय में पांच से अधिक व्यक्तियों के समूह के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है। यह नियम सभी संगठनों, राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों पर समान रूप से लागू होगा। जिला दंडाधिकारी ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से नियमों का पालन करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# अक्षय तृतीया पर अग्रवाल समाज ने बांटा गन्ने का रस, राहगीरों को मिली राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया**

- मशीन लगाकर निकाला गया ताजा गन्ने का रस

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अग्रवाल मंडल एवं अन्य सहयोगियों द्वारा नगर में गन्ने के रस का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के बी च आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों और आमजन को ठंडा एवं ताजा गन्ने का रस पिलाकर राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि वितरण स्थल पर ही गन्ने का रस निकालने के लिए मशीन लगाई गई थी। इसी मशीन से ताजा रस निकालकर लोगों को पिलाया गया, जिससे शुद्धता और ताजगी बनी रही। तेज गर्मी में ठंडा गन्ने का रस पाकर लोगों ने काफी राहत महसूस की और आयोजन की सराहना की। अग्रवाल समाज ने



महाराजा अग्रसेन के आदर्शों त्याग, दानशीलता एवं सेवा भाव—का पालन करते हुए इस आयोजन को संपन्न किया।

समाज द्वारा समय-समय पर सामाजिक समरसता, जनकल्याण एवं सांस्कृतिक-धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई जाती रही है। अग्रसेन जयंती शोभायात्रा, धर्मशाला एवं अग्रसेन भवन निर्माण, तथा निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का संचालन भी समाज द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान समाज के सदस्यों ने राहगीरों का विनम्रतापूर्वक स्वागत कर उन्हें रस ग्रहण करने का आग्रह किया, जिससे पूरे आयोजन में सेवा और आत्मीयता का भाव स्पष्ट झलकता रहा। इस अवसर पर लगभग 500 से अधिक लोगों को गन्ने का रस वितरित किया गया। कार्यक्रम में अनिल सिंघानिया, संजय सिंघानिया, आशीष बंसल, रौनक मुरारका, दीपक बंसल, नितेश अग्रवाल, सुरेश सिंघानिया एवं विष्णु जोशी सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

- कलेक्टर ने बेहतर उपचार व व्यवस्थाएं सुधारने दिए निर्देश

कलेक्टर एवं जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की अध्यक्ष सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आम नागरिकों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल का संचालन व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार मिल सके। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ को मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं संतुलित व्यवहार अपनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं पर गहन चर्चा हुई, जिसमें कर्मचारियों की भोजन व्यवस्था, पावर



बैकअप, मानव संसाधन की पूर्ति, पार्किंग सुविधा, ड्रेनेज सिस्टम सुधार, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, ग्लो साइन बोर्ड स्थापना तथा मरीजों के परिजनों के लिए शौचालय व्यवस्था जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। समिति के सदस्यों ने कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि सहित अन्य सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन पर कलेक्टर ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेंडर रखरखाव, दस्तावेज प्रिंटिंग एवं एयर कूलिंग जैसी व्यवस्थाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं पैथोलॉजी संचालन, ईटीपी प्लांट मरम्मत, ब्लड बैंक स्थानांतरण सहित अन्य निर्माण कार्य अभी प्रगति पर हैं। इसके अलावा अस्पताल के अधोसंरचना विकास से जुड़े प्रस्तावों किचन शेड निर्माण, प्रतीक्षालय निर्माण, भवन मरम्मत, अतिरिक्त वार्ड उन्नयन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जीवनदीप समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**युवक ने घर से उठाकर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

# महिला आबकारी दरोगा पर मारपीट व 50 हजार की अवैध वसूली का आरोप, जांच शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

- फर्जी केस में फंसाने की धमकी का आरोप

आबकारी विभाग में पदस्थ महिला उप निरीक्षक पर मारपीट, धमकी और अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आने से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। ग्राम सुरजपुरा निवासी नरसिंह साहू ने बेरला सर्किल प्रभारी आबकारी विभाग की उप निरीक्षक निवेदिता मिश्रा पर 50 हजार रुपये की मांग करने, मारपीट करने और फर्जी प्रकरण में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली थाना में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, वहीं शिकायत की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है।




शिकायतकर्ता नरसिंह साहू के अनुसार, घटना 11 मार्च 2026 की रात लगभग 10:30 बजे की है। उसका आरोप है कि आबकारी विभाग की टीम उसे उसके घर ग्राम सुरजपुरा से जबरन उठाकर बेमेतरा स्थित कंट्रोल रूम ले गई। वहां ले जाने के बाद महिला दरोगा निवेदिता मिश्रा और अन्य कर्मचारियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

### 50 हजार रुपये की मांग, नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी

नरसिंह साहू ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि मारपीट के बाद उससे 50 हजार रुपये की मांग की गई। आरोप है कि पैसे नहीं देने पर उसे शराब तस्करी जैसे गंभीर मामलों में फंसाकर जेल भेजने और उसकी नौकरी समाप्त कराने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि वह एक साधारण किसान है और इतनी बड़ी रकम देना उसके लिए संभव नहीं है। इस घटना से वह और उसका परिवार भय और तनाव में हैं।

### पूर्व प्लेसमेंट कर्मचारी होने का भी दावा

मामले में एक और पहलू सामने आया है, जिसमें नरसिंह साहू ने खुद को आबकारी विभाग का पूर्व प्लेसमेंट कर्मचारी बताया है। उसका आरोप है कि कार्रवाई के दौरान उसे न केवल प्रताड़ित किया गया, बल्कि अवैध कमाई में हिस्सा देने के लिए भी दबाव बनाया गया।

**पुलिस ने शिकायत की पुष्टि, जांच जारी:** कोतवाली थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि नरसिंह साहू की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। चूंकि मामला आबकारी विभाग से जुड़ा है, इसलिए विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि सभी तथ्यों की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दरोगा ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उप निरीक्षक निवेदिता मिश्रा ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि नरसिंह साहू स्वयं अवैध शराब कारोबार में लिप्त था और देवरबीजा क्षेत्र के एक तस्कर को शराब सप्लाई करता था। विभागीय कार्रवाई के बाद उसे नौकरी से हटा दिया गया था, जिसके चलते वह बदले की भावना से झूठे आरोप लगा रहा है। पुलिस इस मामले में इस पहलू की भी जांच कर रही है कि घटना 11-12 मार्च की बताई जा रही है, जबकि शिकायत लगभग एक महीने बाद दर्ज कराई गई। अधिकारियों के अनुसार, इस देरी के कारणों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है।फिलहाल मामला आरोप-प्रत्यारोप के बीच उलझा हुआ है। पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आएगी। इस मामले ने जिले में कानून व्यवस्था और विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि जांच में क्या निष्कर्ष निकलता है ।

